# डंपर से भिड़ी स्कॉर्पियो, परिवार के पांच लोगों की मौत

- मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल, नागौर के हरनावा रानाबाई मंदिर जा रहा था परिवार
- हादसे में पांच लोग घायल, घायलों का जयपुर और अजमेर के अस्पतालों में इलाज जारी

**नागौर, (निसं)।** जिले हरसौर में डंपर ने स्कॉर्पियो कार को टक्कर मार दी। हादसे में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, पांच लोग घायल हो गए। घायलों का जयपुर और अजमेर के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हादसा बुधवार दोपहर 2 बजे नागौर में डेगाना उपखंड के हरसौर गांव में किसान तिराहे पर हुआ।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में जोधपुर के भोपालगढ़ में रिजनाली गांव के रहने वाले 10 लोग सवार थे। ड्राइवर के अलावा सभी एक ही परिवार के थे। ये लोग भोपालगढ़ से नागौर के परबतसर स्थित गांव हरनावा में रानाबाई मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। घायल बच्चे वीरेंद्र को अजमेर के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी के अनुसार, कार में सवार तीन बच्चों, एक महिला और एक युवक की मौत हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों और शवों को कार से बाहर निकाला। घायलों में कार के ड्राइवर और उसके बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति की हालत गंभीर थी, जिन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों को अजमेर के जिला अस्पताल ले जाया गया। मौके पर पहुंचे डेगाना डीएसपी रामेश्वर सहारण ने बताया कि सभी शवों को हरसौर सीएचसी की मॉर्च्यूरी में रखवाया है। परिवार के लोग सूचना पर अस्पताल पहुंचे। परिजन मुख्यमंत्री सहायता कोष से मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है।

ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस तिराहे पर कई हादसे हो चुके हैं। स्कॉर्पियो में भागीरथ, उसकी पत्नी धनकी (20), खेराज, उसका बेटा वीरेंद्र (6), लीला (24) पत्नी खेमजी, 2 साल का बच्चा, छोटूराम पुत्र बऊजी (20) समेत 10 लोग थे। खेराज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। देवासी परिवार के सदस्यों की सड़क हादसे में मौत की सूचना रजलानी गांव पहुंची तो गांव में देवासियों की ढाणी में कोहराम मच गया।

# दिव्यांग सहायता शिविर 27 एवं 28 को

- नये हॉस्पीटल के पास डूंगरपुर में समय प्रातः 11.30 बजे से लगाया जा रहा है

**डूंगरपुर, (निसं)।** दिव्यांग सहायता शिविर शनिवार एवं रविवार दिनांक 27 एवं 28 अप्रेल को महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर के रोग निदान केन्द्र,ऑडिटोरियम के सामने नये हॉस्पीटल के पास डूंगरपुर में समय प्रातः 11.30 बजे से लगाया जा रहा है । संस्था के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया की संस्था में एक दिवसीय ऑर्थोपेडिक ओ- पीडी का नियमित शिविर भी 27 अप्रैल को ही लगाया जा रहा है। श्री जैन ने बताया की जीबीएच जनरल एवं कैंसर हॉस्पीटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ अग्रवाल प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को अपनी नियमित ओपीडी सेवाए संस्था में प्रदान करते है। उन्होंने बताया की हड्डी एवं जोडों से संबंधित पुराने रोगी अपनी पहले की रिपोट्र्स अवश्य साथ लावे । साथ ही दिव्यांगजन अपने साथ मेडिकल प्रमाण पत्र की प्रति, एक फोटो आधार कार्ड जाति एवं आय प्रमाण पत्र की प्रति लेकर आवें।

ताकि आपको निःशुल्क साधन उपलब्ध कराने मे कठिनाई नहीं होंवे। जैन ने सभी से आग्रह किया है कि सभी लोग अपने आस-पास के अस्थि रोग के मरीजों एवं दिव्यागों को शिविर की जानकारी अवश्य उपलब्ध करावें ताकि अधिकाधिक लोगों को शिविर का लाभ पहुंचाया जा सके।

# श्री हनुमान जन्म महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

- श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**बिजयनगर, (निसं)।** दो दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव के तहत मंदिर परिसर कोआकर्षक रोशनी से सजाया गया । सोमवार शाम रेलवे स्टेशन के समीप स्थित श्री हनुमान मंदिर से गाजे बाजे के साथ के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होकर ज्योत निकाली गई। बैण्ड बाजो की मधुर स्वर लहरियों के बीच भगवान के भजन कीर्तन करते नाचते झूलते श्रद्धालु साथ चल रहे थे ।

ज्योति जुलूस के दौरान बजरंग अखाड़ा अरवड के खिलाड़ियों द्वाराअखाड़ा प्रदर्शन किया गया।शहर के कई जगहज्योति जुलूसके साथ चल रहीश्री बालाजी की प्रतिमा का श्रद्धालुओं ने आरती की ।

मंदिर पुजारी घीसालाल शर्मा ने बताया कि मंगलवार प्रातः शुभ मुहूर्त में मंदिर में यज्ञ हवन अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति विधि विधान के साथ संपन्न हुई।मन्दिर मे स्थापित प्रतिमा का विशेष श्रंगार करअभिषेक किया गया । मंदिर परिसर में शाम को भीलवाड़ा के प्रसिद्ध गायक अंकित पंचोली एंड पार्टी द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुतिया दी गई । दिल्ली की लकी शालू पार्टी द्वारा हनुमान जी की विभिन्न आकर्षक झाकिया सजाई गई जिसमें प्रमुख रूप से लव-कुश, राम लला, राधा कृष्ण, शिव पार्वती व गंगा दर्शन सहित कई मोहक झाकियों को देखने के लिए श्रद्धालु की भीड़ उमड पड़ी। श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर नागोरी, रामपाल तोषनीवाल, धनराज कावड़िया, मनोज कुमार गुप्ता, ज्ञानचंद भंडारी, संजय कुमार शर्मा, महावीर सिंह शक्तावत, बाबूलाल चोखड़ा, दिलीप मेहता, नंदलाल अग्रवाल, साहित्य ट्रस्ट के सदस्य पदाधिकारी श्री हनुमान जन्म महोत्सव की व्यवस्था में जुटे रहे ।

# वैदिक रीतियों और पूर्ण विधि विधान से स्थापित हुई ब्राह्मण समाज की धर्म ध्वजा

**ब्यावर, (निसं)।** भगवान विष्णु के छठे अवतार और ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने के लिए ब्राह्मण समाज की धर्म ध्वजा की स्थापना आज पूर्ण विधि विधान और वैदिक रीतियों के अनुरूप हुई। परशुराम जन्मोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी रवि डंडायत ने बताया कि आज चमन चौराहा स्थित श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के श्री राधाकृष्ण भगवान मन्दिर के प्रांगण में प्रातः साढ़े आठ बजे से जन्मोत्सव में आयोजित किए जाने वाले मांगलिक कार्यक्रमों के लिए पण्डित विकास गौड़ ने संयोजक अजय शर्मा के द्वारा प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी का अनुष्ठान कर आव्हान करवाया। तत्पश्चात् पूर्ण विधि विधान से ब्राह्मण समाज की धर्म ध्वजा की स्थापना के लिए सम्पूर्ण वैदिक रीतियों से यज्ञ संस्कार किया गया जिसमें ब्राह्मण समाज के सभी धड़ों के प्रमुख महानुभावों एवँ महिलाओं ने आहुति दी।इसी के साथ आज ही से परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रमों की शुरूआत हो गई है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति संयोजक अजय शर्मा ने बताया कि ब्यावर के जन जन के कल्याण हेतु आज ब्राह्मण समाज की धर्म ध्वजा की स्थापना की गई है। ब्राह्मण समाज सदैव सहिष्णु और धर्म परायण रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यावर के विकास और जनकल्याण हेतु ब्यावर का ब्राह्मण समाज सदैव अग्रणी रहा है और धर्म, संस्कृति, कला, और शिक्षा के क्षेत्र में वैदिक काल से ही ब्राह्मणों का योगदान रहा है। उसी परम्परा के अनुरूप भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और अक्षय तृतीया को इसी धर्म ध्वजा की अगुवाई में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में विशेष रूप से तेरह शक्तिपीठ और दो सिद्धपीठ की पवित्र ज्योति के दर्शन होंगे इस हेतु भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति द्वारा विशेष तैयारियाँ की जा रही है। इस वर्ष जन्मोत्सव कार्यक्रमों में महिलाओं एवँ बच्चों के लिए खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताएँ होंगी व सुन्दरकाण्ड पाठ भी किया जाएगा। भगवान गणेश अनुष्ठान और धर्म ध्वजा की स्थापना के शुभ अवसर पर हरिश्चन्द्र शर्मा, सीए बृजमोहन व्यास, रमेशचन्द्र बंदावला, रामकिशोर बलेसरा, जुगलकिशोर शर्मा, एल एन शर्मा, सुनील कौशिक, त्रिलोकचन्द्र दूत, सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश मिश्रा, चन्द्रभान शर्मा, ओमप्रकाश श्रीमाली, सत्यप्रकाश डंडायत, किशन पाराशर, संदीप भार्गव, कृष्णमोहन जोशी, उमाकांत द्विवेदी, मनोज शर्मा, योगेश पंचोली, राजेश शर्मा बाबा, हेमन्त लाटा, वृतंजय आर्य, भूपेन्द्रजीत भोजक, टोडरमल शर्मा, त्रिलोक नाड्या, दीपक गील, कमल डंडायत, चेतन दूत, विनय राजौरा, राजेंद्र ओजट, दीपक कांजला एवँ राममूर्ति डंडायत, निधि शर्मा ,लक्ष्मी भारद्वाज, अंजली भार्गव, प्रीति शर्मा, ममता शर्मा, निशा पराशर , रेणु भार्गव, ज्योति शर्मा ,मनीषा ओझा, पुष्पा पराशर अनिता शर्मा और ज्योति दूत सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएँ एवँ समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

# 'सनातन के लिए अधिक मतदान करें'

**राजसमंद, (निसं)।** सनातन धर्म के प्रति लोगों को अधिक से अधिक वोट देने का आग्रह और राष्ट्र धर्म निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड ने अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ प्रदीप कुमावत से एक शिष्टाचार भेंट में कहीं। अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ प्रदीप कुमावत ने विश्वराजसिंह को एक लघु बालकराम की प्रतिमा भेंट कर कहा कि राम का यह वर्ष सनातन के उत्कर्ष का वर्ष है। इस अवसर पर विश्वराजसिंह ने कहा कि सनातन के लिए हम सभी संकल्पबद्ध है और सभी को मिलकर सनातन के लिए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के उपाध्यक्ष कमलेन्द्रसिंह पंवार ने विश्वराज सिंह और महिमा कुमारी को उपरणा पहनाकर, शॉल ओढाकर स्वागत किया।

## सार-समाचार

### 'परिवार सहित करें मतदान'

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर व्यापार महासंघ के तत्वाधान में प्रवक्ता कमल गंगवाल व सीए विकास अग्रवाल ने बताया कि महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता के नेतृत्व में अजमेर शहर व्यापार महासंघ की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के लिए व्यापारियों से जनसंपर्क किया जो पुरानी मंडी से शुरू किया गया। अजमेर शहर व्यापार महासंघ का लक्ष्य इस चुनाव में व्यापारी वर्ग द्वारा गत चुनाव से और अधिक मतदान बढ़ाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। दुकानों व प्रतिष्ठानों पर जाकर 26 अप्रैल को मतदान दिवस पर प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान का समय है। सभी व्यापारियों उनके स्टाफ व जन साधारण से शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई है। महासचिव प्रवीण जैन ने बताया कि महासंघ के पदाधिकारियों ने 26 अप्रैल को 'पहले परिवार सहित मतदान फिर जलपान' इसके बाद प्रतिष्ठान खोलने की अपील की है। जागरूकता अभियान में संरक्षक भगवान चंदीराम,किशन गुप्ता, प्रवीण जैन, अनीश मोयल, कमल गंगवाल, सीए विकास अग्रवाल, विवेक जैन,ईशान मिश्रा, मोहन गुप्ता, राजीव जैन,गोपाल अग्रवाल, गिरीश लालवानी,बालेश गोहिल,पंकज गंगवाल,विजय पांड्या,आदि थे।

### पूर्व छात्र बैठक संपन्न

**ब्यावर, (निसं)।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में पूर्व छात्र बैठक का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गोविंद कुमार (क्षेत्रीय सह-संगठन मंत्री विद्या भारती संस्थान राजस्थान) थे। अध्यक्षता संजय शर्मा( जिला सचिव, विद्या भारती संस्थान, अजमेर) विशेष अतिथि गोविंद राम सेन, कोषाध्यक्ष - विद्यालय प्रबंध समिति) कमलेश चौहान (सदस्य विद्यालय प्रबंध समिति) थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया मुख्य वक्ता गोविंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा की विद्या भारती का उद्देश्य शिक्षा में भारतीय संस्कृति और संस्कारों का समावेश करना है और उन्होंने पूर्व भैया /बहन को राष्ट्रीय हित में मतदान अवश्य करने का आ ान किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अत्यधिक संख्या में भाग लिया और कार्यक्रमके सफल संचालन में कविता शर्मा ( प्रधानाचार्य, बालिका विभाग) ममता शर्मा( प्रभारी, प्राथमिक विभाग), राधा किशन मिश्रा, (पूर्व छात्र प्रमुख) ने समस्त आचार्य/ दीदी विशिष्ट योगदान दिया।

### मतदान संस्थानों में रहेगा अवकाश

**अजमेर, (कासं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान दलों की रवानगी एवं संग्रहण कार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नसीराबाद रोड़ माखुपुरा अजमेर से निर्धारित किया गया है। मतदान दलों के ठहरने, मतदान के लिए अधिग्रहित वाहनों की पार्किंग एवं कार्मिकों के वाहनों की पार्किंग आदि की व्यवस्था वाले संस्थानों राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नसीराबाद रोड़ माखुपुरा में गुरूवार को अवकाश घोषित किया गया है।

### निरीक्षण किया

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 मतदान दलों के रवानगी स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय माखुपुरा में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने व्यवस्थाएं देखी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। यहां से गुरूवार को मतदान दलों की रवानगी तृतीय प्रशिक्षण के बाद होगी। उन्होंने प्रशिक्षण में विधानसभा द्वारा बैठक व्यवस्था देखी। ध्वनि विस्तारक सिस्टम को श्रव्य हितेषी रखने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, व्यय एवं पुलिस पर्यवेक्षक कक्ष का जायजा लिया। डाक मत पत्रों के स्थलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार गौतम, नगर निगम के आयुक्त देशल दान सहित अधिकारी उपस्थित थे।

### अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर दिया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक नगर नियोजक (नगर नियोजन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत जारी अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 24 अप्रैल 2024 को किया गया। इसमें अनुपस्थित रहे 10 अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि अनुपस्थित रहे उक्त अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए 30 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे आयोग कार्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होना होगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 22 लाख 5955 मतदाता पंजीकृत

**उदयपुर, (निसं)।** लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के लिए पत्र मतदाताओं की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। उदयपुर जिले में कुल 22 लाख 5955 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से मावली और वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता चित्तौड़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान करेंगे, वहीं उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए डूंगरपुर जिले के आसपुर और प्रतापगढ़ जिले के धारियावाद विधानसभा क्षेत्र सहित कल 22 लाख 30 हजार 971 मतदाता देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गत 8 मार्च को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया था।

# आठ दिवसीय कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ

**अजमेर, (कासं)।** श्री राम सेवा समिति एवं जन सेवा समित अजमेर की सर्वधर्म समिति के पण्डित दिनेश गुरू के नेतृत्व में श्री संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ शोभायात्रा के साथ प्रारंभ कलश यात्रा शांतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से पोथी पूजन करके एवं भगवान वरुण देव का पूजन करके बालाजी महाराज की झांकी एवं महादेव जी की झांकी एवं वानर सेना एवं सभी भक्त प्रेमियों के साथ गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ अन्नपूर्णेश्वर महादेव सेवा समिति के द्वारा शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा शांतेश्वर महादेव मंदिर से चलकर के अन्नपूर्णेश्वर महादेव मंदिर कथा पांडाल स्थल पहुंची शोभा यात्रा का जगह-जगह पर सभी भक्तों ने स्वागत किया आयोजक सेवा समिति के सभी पदाधिकारी कैलाश सिंह,शिव शंकर,विनोद आसनानी,यश शर्मा,योगी,गजेंद्र सिंह,विजय सिंह,लालू भैया एवं अन्नपूरमेश्वर महादेव महिला मंडल की सभी सदस्यों ने कथा व्यास पंडित दिनेश गुरूजी को घोड़ी पर बिठाकर के शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाल भव्य अभिनन्दन किया। जन सेवा समिति और श्रीराम सेवा समिति के मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी ने बताया कि कथा का समय प्रतिदिन सायंकाल 4.00 बजे से सांयकाल 7.00 बजे तक कथा व्यास पंडित दिनेश गुरूजी ने प्रथम दिवस की कथा में श्री शिव महापुराण का महात्यम सभी भक्तों को अपने अमृतमय वाणी से श्रवण पान करवाया।देवराज एवं शोभा का प्रसंग सुनाया और सभी भक्तों को सत मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करके कथा का श्रवण करवाया।08 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा श्रीअन्नपूर्णेश्वर महादेव मन्दिर,जे.पी.नगर सेक्टर 01 मदार पर आयोजित की जा रही है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 04 बजे से सांयकाल 07 बजे तक कथा का आयोजन हो रहा है।गुरूवार 25 को नारद,मोह धनपति,कुबेर का पूर्व चरित्र,चतुर्थ दिवस शुक्रवार 26 को ,संध्या देवी की कथा,सती चरित्र,शिव सत्ती विवाहोत्सव,पंचम दिवस शनिवार को पार्वती जी का प्राकटय महोत्सव तपस्या,श्री शिव पार्वती विवाह महोत्सव,रविवार 28 अप्रेल को षष्ठम दिवस पर माता पार्वती का ब्राम्हण पत्नि के द्वारा पति व्रतधर्म का उपदेश,विदाई,कार्तिकेय,श्री गणेश प्राकटय महोत्सव,सोमवार 29 अप्रेल को त्रिपुरासुर वघ,जालंधर उजार,विष्णु द्वारा तुल्सी का शील हरण,बाणासुर पर कृपा,महिषासुर वघ,शिवजी के विभिन्न अवतार एवं द्वादेश ज्योतिर्लिंग महात्म,अन्तिम अष्ठम दिवस मंगलवार 30 अप्रेल को प्रातः काल 10 बजे हवन यज्ञ से आयोजन किया जायेगा।

# अंतिम 72 घण्टों की एसओपी के संबंध में बैठक आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अंतिम 72 घण्टों की एसओपी के संबंध में मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक के. मन्जू लक्ष्मी, पुलिस पर्यवेक्षक डी. नरसिम्हा किशोर एवं व्यय पर्यवेक्षक आर. भूपति की उपस्थिति में जिले के अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कानून व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, एकल खिडकी एवं वेबकास्टिंग के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बैठक में कहा कि भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आदर्श आचार संहिता की कड़ाई से पालना की जाए। जिले के 1986 मतदान केन्द्रों में से 993 की वेबकास्टिंग की जाएगी। अन्तिम 48 घण्टों में लाउड स्पीकर की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी के बाहर ही पर्ची वितरण केन्द्र स्थापित होगा। यहां टेन्ट रहित एक टेबल एवं दो कुर्सी ही होगी। इस पर 3 गुणा 1.5 फीट का बैनर ही बिना वोट अपील के लगेगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापसी दिवस से मतदान दिवस के दो दिन पूर्व तक न्यूनतम तीन बार समाचार पत्रा एवं न्यूज चैनल पर आपराधिक पूर्ववृत का प्रकाशन एवं प्रसारण करवाया जाना अनिवार्य है। तृतीय प्रकाशन 9वें दिवस से मतदान दिवस के दो दिवस पूर्व तक अर्थात् 16 अप्रेल से 23 अप्रेल तक आवश्यक है। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय लेखों का निरीक्षण कम से कम तीन बार कराना होगा। व्यय प्रेक्षक की निगरानी में सहायक व्यय प्रेक्षक द्वारा लेखादल की सहायता से यह निरीक्षण संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय परिसर में किया जा रहा है। तृतीय निरीक्षण 24 अप्रेल को किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों द्वारा मतदान समाप्त होने के 48 घंटे तक प्रचार तेज होता है इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी पार्टी या उम्मीदवार ऐसी कोई धार्मिक या भाषाई गतिविधि शामिल नहीं करेगा जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकती है या आपसी नफरत पैदा कर सकती है या विभिन्न जातियों और समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकती है। अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना, जब की जाएगी तो उनकी नीतियों और कार्यक्रम पिछले रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रहेगी।

# अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के चुनावी माहौल को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गयी ।

प्रेस वार्ता में सर्वप्रथम राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शी भटनागर ने कांग्रेस पार्टी के जीत की और अग्रसर होने की बात कहकर भाजपा से जिला व प्रदेश नैतृत्व को यह कहते हुए ललकारा की भाजपा यह साबित करे कि कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में मुस्लिम, मंगलसूत्र, एक मकान छीन कर बाँटने आदि जैसे शब्द हों त वहीं कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के जीत की और बढ़ने के माहौल से प्रथम चरण के मतदान के बाद भाजपा नेता व मोदी अनर्गल, झूठे, ध्रुवीकरण, संबधित भ्रम फैलाने वाले बयान देकर अपनी हार व हताशा साबित कर रहे हैं प्रथम चरण के मतदान का रुझान भाजपा को झूंठ बोलने भ्रम फैलाने को मजबूर कर रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ गोपाल बाहेती ने प्रेस वार्ता में बताया कि कांग्रेस की गारंटी से जनता में कांग्रेस के प्रति विश्वास का माहौल तैयार हुआ है, भाजपा की कथनी और करनी की भिन्नता, अकर्मण्यता, ध्रुवीकरण, नाकामी से जनता भाजपा के खिलाफ वोट कर रही है जिस कारण भाजपा नेता मोदी झूंठ बोलकर अपनी झेंप मिटा रहे हैं, गत कांग्रेस सरकार की योजनाओं से सभी वर्ग समुदाय लाभांवित रहे हैं। कांग्रेस पार्टी और देश का इतिहास और स्वाधीनता की लड़ाई से लेकर आज तक का इतिहास एक समान है जबकि भाजपा बिना विजन, सोच, इतिहास की पार्टी है जो केवल विभाजन करके राजनीति करना चाहती है । प्रेस वार्ता में अजमेर उत्तर से विधानसभा प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने कहा की अजमेर में जनता कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने का मन बना चुकी है जबकि कांग्रेस पार्टी संगठन हर बूथ, हर वार्ड, हर मोर्चे पर भाजपा का पर्दाफाश कर जन कल्याण की कांग्रेस की विकास की बीती विरासत को घर घर ले जा रहा है।

अजमेर दक्षिण क्षेत्र की विधानसभा प्रत्याशी द्रोपदी कोली ने कहा की भाजपा विकास की बात नही करती, आज अजमेर में नगर निगम व अन्य जन प्रतिनिधियों की उदासीनता, अकर्मन्यता और मिलीभगत से अजमेर का विकास रुका हुआ है, अजमेर बदहाल अवस्था में कांग्रेस की और विकास की, उत्थान की, नवनिर्माण की आशा से देख रहा है, कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के पक्ष में पूरे जिले में माहौल बन गया है जिसका परिणाम भाजपा को चौंका देगा और अजमेर सहित राजस्थान में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता शैलेंद्र अग्रवाल वाहीद मोहमद, सेवादल देहात अध्यक्ष जयशंकर चौधरी, गुलाम मुस्तफा, आर एल पी के युवा प्रदेश अध्यक्ष रणदीप सिंह, आशीष सोनी आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

